भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2553**

मंगलवार, 10 दिसम्बर, **2019/19** अग्रहायण, **1941 (**शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

'स्वदेश दर्शन' योजना के अंतर्गत घरेलू पर्यटकों का आगमन

2553. श्री अश्वनी वैष्णवः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्वदेश दर्शन योजना से भारत में घरेलू पर्यटन में वृद्धि हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री **(**स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से देश में सुनियोजित और प्राथमिकता प्रदत्त तरीके से थीमेटिक परिपथों का विकास कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप इन परिपथों में पर्यटकों की यात्रा में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है ।

मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकसित स्थलों में पर्यटक यात्रा का परिपथ-वार आंकडें का रखरखाव नहीं करता है । योजना की शुरूआत जनवरी, **2015** में की गई थी । वर्ष 2016, 2017 और 2018 के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में घरेलू पर्यटक यात्राएं क्रमशः 1615.4 मिलियन, 1657.6 मिलियन और 1854.9 मिलियन रहीं ।

****